पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी

लखनऊः 13 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में भारतीय पुलिस सेवा 2014 बैच के 15 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। राज्यपाल से भेंटवार्ता का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य पुलिस अकादमी, मुरादाबाद द्वारा आयोजित किया गया था। सभी प्रशिक्षु अधिकारी नेशनल एकेडमी आफ पुलिस, हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद राज्य पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में भी प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्री सुलखान सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्री बी0मौर्या सहित राजभवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी को जनता के बीच मित्रभाव वाली छवि बनानी चाहिए जिससे आम आदमी पुलिस अधिकारी से मिलने में कोई झिझक न महसूस करें। लोग इस भावना से पुलिस के पास जाते हैं कि शिकायत सुनी जायेगी तथा कार्यवाही भी की जायेगी। जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील रवैया अपनायें। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

श्री नाईक ने प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की कि सभी अधिकारी उच्च शिक्षा में अलग-अलग विषयों में पारंगत हैं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के ज्ञान का उपयोग व्यवहारिकता में लायें। शिक्षा का लाभ स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी पहुंचाने की कोशिश करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी न्यायप्रियता और संवदेनशीलता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

राज्यपाल से पूछे गये एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अपनी पढ़ाई ट्यूशन पढ़ाकर पूरी की। बी0काम0 के परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने महालेखाकार कार्यालय में नौकरी करना प्रारम्भ किया। राजनीति सेवा का पर्याय है इसलिए नौकरी छोड़कर राजनीति में आ गये जबकि राजनीति को जीवन यात्रा बनाने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने राजनीति में आने के बाद पहले समाज सेवक फिर विधायक, सांसद, मंत्री और अब राज्यपाल बनने तक का सफर कैसे तय किया यह अधिकारियों से साझा किया।

राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारी श्री अनूप कुमार सिंह, श्री अभिनन्दन, श्री मनिलाल पटिदार, श्री अंकित मित्तल, श्री श्लोक कुमार, श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, श्री विक्रान्त वीर, श्री विनीत जायसवाल, श्री संजीव सुमन, श्री रईस अख्तर, श्री सुरेन्द्र कुमार दास, सुश्री चारू निगम, श्री प्रशान्त वर्मा, श्री गौरव बंसवाल एवं डाॅ0 सतीश कुमार ने भेंट की।